भारत सरकार
पत्तन, पोत परिवहन और जलमार्ग मंत्रालय
लोक सभा

अतारांकित प्रश्न सं. **261** जिसका उत्तर
शुक्रवार, **03 फरवरी**, 2023/14 माघ, 1944 (शक) को दिया जाना है

कोलकाता पत्तन का विकास

†261. सुश्री महुआ मोइत्रा:

क्या **पत्तन, पोत परिवहन और जलमार्ग** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या सरकार के पास भारतीय अंतर्देशीय जलमार्ग प्राधिकरण की तर्ज पर वर्तमान में कोलकाता पोर्ट ट्रस्ट के सरंक्षण के अंतर्गत पूरे तटबंध को खोलने का कोई प्रस्ताव है;

(ख) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है और यदि नहीं, तो इसके क्या करण हैं; और

(ग) वर्ष 2012 से कोलकाता पत्तन द्वारा प्रबंधित किये गए कार्गो का वर्ष और कार्गो-वार ब्यौरा क्या है?

उत्तर
पत्तन, पोत परिवहन और जलमार्ग मंत्री
(श्री सर्बानंद सोणोवाल)

(क) और (ख): श्यामा प्रसाद मुखर्जी पत्तन प्राधिकरण (एसएमपीए) कोलकाता (पूर्ववती कोलकाता पत्तन न्यास), में दो डॉक प्रणालियां है- कोलकाता डॉक प्रणाली (केडीएस) और हल्दिया डॉक परिसर (एचडीसी)। दोनों डॉक प्रणालियां एसएमपीए के स्वामित्व वाली जमीन पर स्थित हैं। एसएमपीए के पास सड़कें, रेलवे, जलखंड, डॉक बेसिन सहित 4543 एकड़ की भूमि है और कोलकाता में 1256.13 एकड़ की भूमि पट्टे/ लाइसेंस पर दी गई है, एवं एसएमपीए के उपयोग में न लाई जाने वाली भूमि सहित 6563 एकड़ की भूमि है तथा हल्दिया में भी 2394 एकड़ की भूमि मौजूद है।

एसएमपीए भूस्वामी (लैंडलॉर्ड) पत्तन मॉडल की ओर अग्रसर है और उसके पास पीपीपी मॉडल के माध्यम से वॉटरफ्रंट के भावी विकास के लिए निम्नलिखित योजनाएं हैं:-

(i) मास्टर प्लान के अनुसार श्यामा प्रसाद मुखर्जी पत्तन कोलकाता, डॉक प्रणाली के घेरे के बाहर कंटेनर जलयानों को रखने के लिए, एचओजे-III की धारा के प्रतिकूल, हल्दिया के वॉटरफ्रंट में 500 मी. लंबाई वाली जेट्टी का विकास करेगा ताकि कंटेनर जलयानों की टीआरटी में सुधार किया जा सके।

(ii) इसी प्रकार, कोलकाता के वॉटरफ्रंट में नेताजी सुभाष डॉक की धारा के प्रतिकूल एसएमपीके, एक कंटेनर टर्मिनल का विकास करेगा, ताकि डॉक प्रणाली के लॉक गेटों के प्रतिबधों से बचा जा सके।

(iii) जेट्टियों का निर्माण करते हुए कोलकाता के बालागढ़ में लगभग 80 कि.मी. धारा के प्रतिकूल विस्तारित गेट को स्थापित करना।

(iv) निकट भविष्य में, एचडीसी और केडीएस के अनेक बर्थों का रख-रखाव और प्रचालन करने के लिए प्रतिस्पर्धात्मक बोली के माध्यम से रियायतप्राप्तकर्ताओं को नियुक्त किया जाएगा।

(ग): 2012 से हैंडल गए कार्गो की मात्रा नीचे दी गई है:-

<u>2012-13 से 2022-23 तक एसएमपीके में हैंडल किया गया कार्गो यातायात</u>

(मिलियन मीट्रिक टन में)

2012-13	2013-14	2014-15	2015-16	2016-17	2017-18	2018-19	2019-20	2020-21	2021-22	2022-23 (अप्रैल-दिसंबर)
39.928	41.386	46.293	50.289	50.951	57.891	63.763	63.983	61.368	58.175	47.802

केडीएस मुख्य रूप से कंटेनरीकृत कार्गो की हैंडलिंग करता है जबकि, एचडीसी मुख्य रूप से शुष्क और तरल बल्क कार्गो की हैंडलिंग करता है। एसएमपीके में पिछले दस वर्षों में हैंडल की गई मुख्य सामग्रियों में कोकिंग और नॉन-कोकिंग कोयला, चूना पत्थर, मैंगनीज अयस्क/ स्लेग, खाद्य तेल, कंटेनर, उर्वरक, फ्लाईऐश, पीओएल आदि शामिल हैं।

*****